

एक नजर में

## ऐतिहासिक काँच मंदिर पर पर्युषण पर्व




**इंदौर.** दिगम्बर जैन समाज का गौरव और इंदौर शहर का धार्मिक धरोहर राष्ट्रीय ऐतिहासिक काँच मंदिर पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर आस्था और श्रद्धा का केंद्र बनेगा. गुरुवार को 48 रजत दीपकों की मंगल ज्योति प्रज्वलित कर भव्य आयोजन का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी मुकेश पी. जैन एवं उनकी टीम द्वारा भक्ताम्बर पाठ का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया. काँच मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कमलेश कासलीवाल, ट्रस्टी अमित कासलीवाल एवं पुष्पा कासलीवाल, सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फ़ेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, कार्यक्रम संयोजक प्रिंसपाल टोंगिया, मनोज बाकलीवाल, समाज के महामंत्री सुशील पांड्या, रीजन अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, मनीष गंगाजल, रितेश पाटनी, अजयपाल टोंगिया, विजय कासलीवाल, आशीष सूतवाले, श्री ऋषभ जैन, संजय पापड़ीवाल एवं श्री प्रदीप गंगवाल ने संयुक्त रूप से समाज के सभी सदस्यों से इस धार्मिक उत्सव में सहभागी बन धर्मलाभ लेने का निवेदन किया है. निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका ने बताया दस दिवसीय इस धार्मिक श्रृंखला में कवि सम्मेलन, श्री महावीर जी पर फ़िल्म प्रदर्शन, धार्मिक तंबोला, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं धार्मिक अंताक्षरी जैसे विविध आकर्षक सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा.

## 10 दिवसीय गणेशोत्सव शुरू



**इंदौर.** श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य मे 10 दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत हो गई. वैदिक मंत्रों के साथ श्री गणेश की स्थापना हुई. महा आरती के बाद मोदक का प्रसाद वितरण हुआ.

## शपथ विधि समारोह संपन्न



**इंदौर.** डायबिटीज विशेषज्ञ की संस्था -रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ़ डायबिटीज़ इन इंडिया का शपथ विधि समारोह एक निजी होटल में सम्पन हुआ. भोपाल के डॉ .संजीव गुलाटी ने चेयरमैन और इंदौर के डायबिटीज़ मोटापा, थायराइड एवं हॉर्मोन विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने राज्य सचिव की शपथ ली. डॉ राजेश अग्रवाल का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा. समारोह के अतिथि डिप्सी के पूर्व अध्यक्ष नागपुर के डॉ. सुनील गुप्ता और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पी सी मनोरिया थे. डॉ .मनोरिया ने हार्ट फेलियर और डॉ. सुनील गुप्ता ने जेस्टेशनल डायबिटीज पर व्याख्यान दिया। डॉ .मयूर अग्रवाल का वृद्ध लोगो में डायबिटीज पर व्याख्यान हुआ. डॉ .राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत में लगभग 11करोड़ डायबिटीज के मरीज है. और 13 करोड़ प्री डायबिटीज और 35 करोड़ लोग पेट के मोटापे से पीड़ित है ये सभी संभावित डायबिटीज के मरीज है ,जिन्हें डायबिटीज में परिवर्तित होने से रोका जा सकता है. रिसर्च सोसायटी ने युवाओं को डायबिटीज की गिरफ्त में आने से रोकने का संकल्प लिया है. इसके लिए आइकॉन ऑफ़ डायबिटीज प्रिवेंशन का अवार्ड दिया जाएगा. ज्वेल ऑफ़ आर एसएसडीआई सम्मान से प्रतिवर्ष एक चिकित्सक को सम्मानित किया जाएगा. डॉ. सुबोध बांझल ने बताया कि संस्था का राज्य सम्मेलन 25-26 अक्टूबर को खजुराहो में संपन्न होगा. डॉ. नवनीत अग्रवाल ग्वालियर वाईस चेयरमैन, डॉ. एस एन दुबे शहडोल कोषाध्यक्ष , डॉ अभ्युदय वर्मा, डॉ.मनोज इंदुरकर डॉ विजय गर्ग , डॉ. प्रॉमिस जैन और डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव जबलपुर से कार्यकारिणी सदस्य चुने गए है. डॉ. सचिन गुप्ता निवृत्तमान सचिव. भोपाल के डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ.नर्मदा पटेल ने कार्यक्रम का संचालन किया और डॉ. राजेश अग्रवाल ने आभार माना.

## क्षमा मांगने वाला होता है वीर




**इंदौर.** महावीर भवन इमली बाजार में आज क्षमावाणी, क्षमा याचना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. उपप्रवर्तक श्रुत मुनि महाराज ने कहा कि व्यक्ति एक सामाजीक व्यावस्थाओं से जुड़ा हुआ रहता है इस प्रकार अनेक संबंधों और व्यवहारों के बीच कार्य करना होता है. इन व्यवहारों में कभी-कभी, भूल होना, कटू वचन बोलना, जाने-अनजाने में में किसी को भी मन में ठेस पहुंच सकती है ऐसे में कभी किसी व्यक्ति से बोलचाल बंद हो जाये, व्यवहार न रहे, बेरभाव बंध जाये, उससे पहले क्षमा मांगना है ताकि पिछले वर्ष रही कटूता समाप्त हो जाये परन्तु कई बार यह मन में आता है कि पहले क्षमा कौन मांगे यहां पर पहले क्षमा मांगने वाला वीर कहलाता है. क्षमा हमें विनम्र बनाती है, अंहकार को नष्ट करती है, अपराध बोध समाप्त होकर मन हल्का हो जाता है आपसी विश्वास और स्नेह बढ़ता है, क्षमा याचना मानवीय जीवन का महत्वपूर्ण गुण है. संघ कि ओर से कार्याध्यक्ष अचल चैधरी ने गुरूदेव ओर संघ समाज से क्षमा याचना की महामंत्री रमेश भंडारी ने भी क्षमा के भाव रखे। चतुर्मास समिती के मुख्य संयोजक प्रकाश भटेवरा ने सन्त मंडल एवं सभी सं.थाओं के पदधिकारियों से एवं समाज से क्षमा याचना कि आपने कहा कि चातुर्मास संयोजक रहते हुए कार्य करते हुऐ कुछ भी गलती होना स्वाभावीक है. सभी भूलों को माफ करते हुऐ कोई भी गलती को आप भी भूल जाना ताकि मन मे कुछ नहीं रहे. श्राविका संघ कि ओर से पुष्पा डागरिया एवं आनन्द तीर्थ परिषद कि ओर से श्रीमती सुनिता छजलानी ने सभी बहनों से एवं सभी मंडलों से क्षमा के भाव रखें. डॉ. राजीव चोधरी, अचल चोधरी, रमेश भंडारी, प्रकाश भटेवरा, अशोक मंडलिक, हेमन्त बोहरा, अभय पोखरना, शरद मेहता, जिनेशवर जैन, राज कुमार पंजाबी, सुरेश देशलहरा, राधेश्याम पोरवाल, नगीन नारेलिया आदि बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे.

# ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट ठगी प्रकरण में महाराष्ट्र से गैंग का शातिर सदस्य गिरफ्तार

### इंदौर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, अब तक दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. ऑनलाइन टास्क इन्वेस्टमेंट ठगी के बड़े मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच ने महाराष्ट्र से गैंग के एक और शातिर सदस्य को पकड़ लिया है. आरोपी सिद्धेश्वर खांडभराड़ निवासी जिला जालना, महाराष्ट्र को छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार किया. यह वही गैंग है जिसने इंदौर के एक फरियादी से लगभग 60 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी की थी.**



फरियादी मोहम्मद हिदायतुल्ला को व्हाट्सऐप संदेश के जरिए टास्क इन्वेस्टमेंट का ऑफर मिला. आरोपी ने पहले छोटे-छोटे अमाउंट पर मुनाफा दिलवाकर विश्वास जीता और फिर धीरे-धीरे लाखों रुपए निवेश करवाए. सोने-हीरे की ऑनलाइन बिडिंग और बोनस ऑफर का लालच देकर फरियादी से करीब 59.94 लाख रुपए ऐंठ लिए. जब पीड़ित ने पैसे निकालने की कोशिश की तो और अधिक रकम जमा करने का दबाव बनाया. फरियादी ने एनसीआरपी पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी. जांच में सामने आया कि ठग गैंग देशभर में सक्रिय है और इसके 40 से ज्यादा बैंक खातों में लाखों की राशि जमा कराई जाती रही है. क्राइम ब्रांच ने इन खातों को फ्रीज करा दिया है. इस प्रकरण में फरवरी 2024 में क्राइम ब्रांच ने हरियाणा के हिसार से मंदीप पिता जगबीर को गिरफ्तार किया था. अब गैंग का दूसरा सदस्य सिद्धेश्वर पकड़ा गया है. पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में देशभर के सैकड़ों लोगों को इसी तरीके से ठगने की बात सामने आई है, गैंग के बाकी सदस्यों की तलाश जारी है.

**ऐसे दबोचा आरोपी को**

गैंग का शातिर सदस्य सिद्धेश्वर महाराष्ट्र में ठिकाना बदलकर छिपा हुआ था . पुलिस की दबिश की भनक लगने पर उसने मोबाइल बंद कर दिया और जालना जिले से 100 किलोमीटर दूर जाकर छिप गया . मुखबिर की सूचना और

# जोन- 1 व 4 के नए डीसीपी ने संभाली कमान

### अधीनस्थों की बैठक लेकर बदमाशों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पुलिस कमिश्नरेट के जोन-1 और जोन-4 में बुधवार को नए डीसीपी ने पदभार ग्रहण कर लिया. चार्ज संभालते ही दोनों नवागत अफसरों ने अधीनस्थ अधिकारियों से मुलाकात कर लंबित अपराधों और क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली. बैठक में बदमाशों पर शिकंजा कसने और पेंडिंग मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए.**



हाल ही में राज्य शासन द्वारा जारी तबादला सूची में युवा आईपीएस अफसर श्रीकृष्ण लालचंदानी को जोन-1 और आनंद कलादगी को जोन-4 की जिम्मेदारी सौंपी गई है. आदेश मिलने के बाद दोनों अधिकारी बुधवार को इंदौर पहुंचे और देर शाम तक पदभार ग्रहण कर लिया. श्रीकृष्ण लालचंदानी इससे पहले भी इंदौर में सेवाएं दे चुके हैं.

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश**

पुलिस कमिश्नरेट बनने के शुरुआती दौर में वे एसीपी विजयनगर रह चुके हैं. वहीं, आनंद कलादगी इंदौर आने से पूर्व जबलपुर में एडिशनल एसपी पद पर पदस्थ थे. पदभार संभालने के बाद दोनों अफसरों ने अपने-अपने जोन के एडिशनल डीसीपी और एसीपी के साथ बैठक की. बैठक के बाद वे क्षेत्रीय भ्रमण पर भी निकले और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.



## हत्या के प्रयास में फरार गब्बर चिकना के बेटों समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को जूनी इंदौर पुलिस ने दबोच लिया. गिरफ्तार आरोपियों में कुख्यात गुंडे गब्बर चिकना के दोनों बेटे भी शामिल हैं, जो अपने पिता की तरह अपराध की दुनिया में दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे थे. 21 अगस्त की रात करीब 12.30 बजे पलसीकर पेट्रोल पंप के सामने दोलतगंज निवासी अजय वर्मा और अयुष वर्मा पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया था. हमले के बाद आरोपी कार से भाग निकले थे. इस वारदात में गब्बर चिकना के बेटे पियूष वर्मा, अयुष वर्मा, गप्पु उर्फ सुमित और सोनू वर्मा शामिल थे. इनके दो साथी गंजु उर्फ निलेश परमार और एक नाबालिग को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी अनिल गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी बाणगंगा क्षेत्र में छिपे हैं. इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर पियूष, अयुष और गप्पु उर्फ सुमित को गिरफ्तार कर लिया. उनके पास से घटना में इस्तेमाल कार और चायनीज चाकू भी बरामद किया. तीनों आरोपियों पर हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# क्षमा व प्रायश्चित का भाव आत्मा को बनाता है निर्मल : विश्वरत्न सागर

### नवरत्न वाटिका पर रहे चातुर्मास अनुष्ठान और पर्युण महापर्व

**इंदौर.** प्रायश्चित और क्षमा के भाव का आनंद पूरे जीवनभर मिलेगा, लेकिन किसी भी गलती या अपराध बोध का भाव जीवनभर बोझ की तरह ढोना पड़ेगा. पर्युषण महापर्व हम सबके जीवन में ऐसा दुर्लभ अवसर है, जब हम जाने-अनजाने में हुई त्रुटियों और गलतियों के लिए क्षमा और प्रायश्चित का भाव रखकर अपनी आत्मा को निर्मल और पवित्र बना सकते हैं. किसी के मन को दुखाना सबसे बड़ा पाप कर्म माना जाता है. कोशिश करें कि जीवन में कभी कोई ऐसा अवसर नहीं आए कि हमें उसके लिए प्रायश्यित अथवा क्षमा मांगना पड़े.




ये विचार हैं युवा हृदय सम्राट जैनाचार्य विश्वरत्न सागर के, जो उन्होंने गुरुवार को एयरपोर्ट रोड, नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे चातुर्मास अनुष्ठान और पर्युण महापर्व के अवसर पर 8 दिनों के उपवास के तपस्वियों और सिद्धि तप के आराधकों को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए. नरसिंह वाटिका पर आज सुबह अट्ठाई के तपस्वियों का पारणा और संध्या को सिद्धि तप के आराधकों का बहुमान किया गया. आयोजन समिति की ओर से संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, दिलीप मंडोवरा, दिलसुखराज कटारिया आदि ने तपस्वियों का बहुमान किया और श्रावकों की अगवानी दीपक सुराना शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, चंद्रप्रकाश चौरडिया, मोनिश खूबाजी एवं ऋषभ कोचर आदि ने की. संचालन शेखर गेलड़ा ने किया.

**आज पीपली बाजार से तपस्वियों का वरघोड़ा**

आयोजन समिति के पुण्यपाल सुराणा, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन एवं मनीष सुराणा ने बताया कि 29 अगस्त को सुबह 8 बजे पीपली बाजार से सिद्धि तप के तपस्वियों का वरघोड़ा बैंडबाजों एवं लाव-लश्कर सहित प्रारंभ होकर खजूरी बाजार, टोरी कार्नर, महावीर बाग होते हुए दलाल बाग पहुंचेगा, जहां पारणा, धर्मसभा एवं स्वामी वात्सल्य के आयोजन होंगे. संध्या को नरसिंह वाटिका पर 8 बजे से बैंगलुरू के विपीन भाई की भक्ति संगीत संध्या होगी.



# मंच पर बेबाक होकर दिया परिचय

### तैलिक समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलनसंपन्न

**इंदौर.** तैलिक साहू राठौर महासभा मध्य प्रदेश के तत्वाधान में रेस कोर्स रोड स्थित अभय प्रशाल में युवक - युवती परिचय आयोजित किया गया. इसमें कई प्रदेशों के तैलिक समाज के मंत्री, सांसद, विधायक व पार्षद, सरपंच एवं अन्य पदाधिकारीगण ने भाग लिया.


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय रहे. कार्यक्रम में भाग लेने वाले सांसद शंकर लालवानी, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता,एवं समाज के भारतीय तेलिक राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश नंदलाल साहू, सुनील साहू संगठन मंत्री, राज्य शासन से मंत्री का दर्जा प्राप्त रवि करण साहू, विवेक साहू बंटी सांसद छिंदवाड़ा, रामनिवास साह विधायक सिंगरौली, प्रभात साहू पूर्व महापौर जबलपुर, दिलीप साहवाल सिंगरौली विकास प्राधिकरण अध्यक्ष, तैलिक साहू राठौर महासभा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट श्रीमती भावना साहू एवं प्रदेश के पदाधिकारी कैलाश साहू विजाले एवं सभी पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे.

तैलिक साहू राठौर महासभा मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष एवं सकल पंच साहू वैश्य बाथली समाज सिलावटपुरा इंदौर की अध्यक्ष एडवोकेट श्रीमती भावना सुरेश साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सभी प्रदेशों से करीब 1000 युवक युवतियों ने अपना बायोडाटा स्मारिका के लिए दिया था. युवक युवतियों ने मंच पर बेबाक अपना परिचय दिया. सम्मेलन में युवक युवतियों के परिजनों ने लगभग 200 रिश्तों की सहमति जताई. कार्यक्रम में सहयोगी सदस्यों का सपत्नीक सम्मान किया गया. स्मारिका कर्मा जीवन बंधन 2025 का विमोचन भी किया गया. जिसमें सभी युवक - युवतियों का परिचय एवं बायोडाटा भी उपलब्ध है.

# सफेद आंकड़े के गणेश के दर्शनार्थ उमड़े श्रद्धालु

### सिद्ध विजय गणेश का होगा नित्य नूतन श्रृंगार

**इंदौर. मरीमाता चौराहा स्थित श्री सिद्ध विजय गणेश मंदिर पर गुरूवार को गणेशोत्सव के दूसरे दिन गणेशजी की दिव्य प्रतिमा का सफेद आंकड़े से निर्मित स्वयंभू गणेश के रूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया. इसके पूर्व 11 विद्वानों ने मंत्रोच्चार के बीच दूध एवं फल-फूल से अभिषेक कर गणेशजी को छप्पन भोग समर्पित किए. मंदिर पर दस दिवसीय गणेशोत्सव के कार्यक्रम भी निर्धारित हो गए हैं. महोत्सव में दसों दिन विभिन्न कार्यक्रम होंगे.**



संयोजक एवं विधायक गोलू शुक्ला ने बताया कि मंदिर पर श्रृंगार दर्शन एवं चौराहे पर भक्तों की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं. आज महोत्सव के दूसरे दिन भी सिद्ध विजय गणेश के दर्शनार्थ भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा.

मंदिर पर देर रात तक भक्तों का सैलाब बना रहा. महोत्सव में पूरे दस दिनों तक प्रतिदिन रात 9 बजे से भजन संध्या एवं अन्य धार्मिक आयोजन होंगे।

**श्रृंगार दर्शन के लिए दूसरे दिन ही 25 हजार से अधिक भक्तों ने किये दर्शन**

मंदिर के पुजारी पं. प्रेमनारायण शास्त्री, पं. महेंद्र शर्मा, राजेंद्र शास्त्री के निर्देशन में भगवान के नित्य नूतन श्रृंगार का सिलसिला कल से ही चल रहा है. पं. चिराग तिवारी ने आज भी श्वेतार्क के गणेश का श्रृंगार इतना मनमोहक किया कि दर्शक देखते ही रह गए. श्रृंगार दर्शन के लिए दूसरे दिन ही 25 हजार से अधिक भक्तों ने कतारों में लगकर दर्शन किए। महिला एवं पुरूषों के लिए यहां पृथक कतारों में दर्शन एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

## जेके एंटरप्राइजेज की प्राइड विवाद में जीत

**इंदौर.** शहर की स्थानीय डिस्टिलरी जेके एंटरप्राइजेज ने वैश्विक दिग्गज पर्नो रिकर्ड के खिलाफ द बैटल ऑफ प्राइड के विवाद में उच्चतम न्यायालय में ऐसी जीत अर्जित की, जिसे भारतीय उद्यमशीलता की जीत के रूप में याद किया जाएगा और अन्य समरूप विवादों में नज़ीर बनेगा. जेके एंटरप्राइजेज की निदेशक सलोनी छाबड़ा ने बताया कि पर्नो रिकर्ड, ब्लेंडर्स प्राइड के निर्माता हैं और वाइन और स्पिरिट्स व्यवसाय के दुनिया के नंबर 2 विक्रेता हैं. 2020 में पर्नो रिकर्ड ने जेके एंटरप्राइज के प्रमुख ब्रांड लंदन प्राइड के विरुद्द इंदौर जिला न्यायालय में एक दीवानी मुकदमा दायर किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि लंदन प्राइड ने ब्लेंडर्स प्राइड नामक उसके ट्रेडमार्क का उल्लंघन किया है और व्हिस्की ब्रांड के रूप में लंदन प्राइड को बाज़ार से हटाने की मांग की गई. जेके एंटरप्राइजेज ने इंदौर जिला न्यायालय में मुकदमा लड़ा और जीत हासिल की. फैसले को पर्नो रिकर्ड ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती दी. उच्च न्यायालय ने भी जेके




एंटरप्राइजेज के पक्ष में फैसला सुनाया. पर्नो रिकर्ड ने उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने की मांग करते हुए, सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया. जेके एंटरप्राइजेज ने सर्वोच्च न्यायालय में पाँच साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी. 14 अगस्त 2025 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि प्राइड शब्द किसी एक कंपनी का नहीं है और लंदन प्राइड किसी भी तरह से ब्लेंडर्स प्राइड के ट्रेडमार्क का उल्लंघन नहीं करता है. सुश्री सलोनी छाबड़ा ने कहा, यह केवल जेके की ही जीत नहीं है, बल्कि हर उस भारतीय उद्यमी की जीत है जो सपने देखने की हिम्मत रखता है. हम एक वैश्विक महाशक्ति के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे और आज न्याय की जीत हुई है.

एक नजर में | अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन एवं संस्था 'छवि' के संयुक्त तत्वावधान में अनूठा आयोजन 31 को

# गर्भ में पल रहे शिशु को श्रेष्ठ संस्कार देने नए जोड़ों को करेंगे प्रशिक्षित




**इंदौर.** अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन एवं संस्था छवि के संयुक्त तत्वावधान में एक अनूठा आयोजन गर्भ संस्कार कार्यक्रम 31 अगस्त को शाम 6.30 बजे से जाल सभागृह में आयोजित किया जा रहा है. इसके माध्यम से नव विवाहित युगलों को दिव्य संतान के जन्म के साथ ही गर्भ में पल रहे शिशु के पालन-पोषण, शिक्षण और प्रशिक्षण को लेकर चिकित्सकों द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस आयोजन में समाज के 130 युगलों ने शामिल होने की सहमति प्रदान की है.

संस्था छवि के प्रमुख गोपाल गोयल एवं फाउंडेशन की ओर से किशोर गोयल तथा संजय बांकड़ा ने बताया कि जैसे गर्भ में रहते हुए अभिमन्यु ने चक्र भेदन का प्रशिक्षण लिया था और जैसे हिरणाकश्यप जैसे राक्षस के घर भक्त प्रहलाद ने जन्म लिया था, वैसे ही इस गर्भ संस्कार कार्यक्रम के माध्यम से शहर के एक सीनियर प्लास्टिक सर्जन एवं गर्भ संस्कार विशेषज्ञ डॉ. अनिल गर्ग एवं उनकी पत्नी डॉ. सीमा गर्ग मिलकर इन युगलों को विज्ञान सम्मत कुछ ऐसी विधियां बताएंगे, जिनके माध्यम से नवयुगलों को स्वस्थ, सशक्त, संस्कारी और दिव्य तेजस्वी संतान प्राप्त हो सकेगी.

संजोयक सीए विनय कांसट एवं दिनेश बंसल जूनी इंदौर ने बताया कि गुजरात में 417 युगलों पर किए गए प्रयोग एवं अनुसंधान के सार्थक परिणाम मिलने के बाद डॉ. गर्ग दम्पति ने अब इंदौर के नवयुगलों के लिए यह आयोजन करने का निश्चय किया है. इसमें अब तक 130 युगलों के पंजीयन हो चुके हैं.

इस मौके पर अभियान के राष्ट्रीय संयोजक पं. योगेन्द्र महंत एवं चंद्रमोहन दुबे, गर्भ संस्कार परामर्श विशेषज्ञ डॉ. राधिका माहेश्वरी, डॉ. रोचक शर्मा, डॉ. रोमशा, श्वेता तिवारी, प्रियंका एवं शैला राव के अलावा योग विशेषज्ञ सुनीता जोशी, ज्योति एवं डॉ. अर्चना शर्मा तथा आहार विशेषज्ञ डॉ. जगदीश जोशी भी इन युगलों को परामर्श प्रदान करेंगे.

**युगलों को दे रहे जानकारी**

शहर के युगलों को नियमित रूप से आमंत्रित कर इस पद्धति के बारे में समझाईश दी जा रही है. गुरुवार को भी करीब 60 युगलों ने इन चिकित्सकों से प्रारंभिक जानकारियां प्राप्त की. इस अवसर पर डॉ. गर्ग दम्पति के साथ गोपाल गोयल, किशोर गोयल, संजय बांकड़ा सहित अनेक समाजबंधु भी उपस्थित थे.